## खबर संक्षेप

### तीन जुआरी पकड़ाये

**शहडोल।** बुढ़ार थाना क्षेत्रांतर्गत 01 अप्रैल को सूचना प्राप्त हुई कि विक्रमपुर में कुछ व्यक्ति तास के पत्तों से हारजीत का दाव लगाकर जुआ खेल रहे है। सूचना पर बुढ़ार पुलिस द्वारा उक्त स्थान पर दबिश देकर जुआरी रामसहाय बैगा, दीपक कुशवाहा अनुपम उपाध्याय सभी निवासी विक्रमपुर के कब्जे से तास के 52 पत्ते एवं 2000 रूपये नगदी जब्त किया गया। पुलिस द्वारा आरोपियों के विरूद्ध जुआ एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया। उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी बुढार के नेतृत्व में प्रधान आरक्षक जगत सिंह की सराहनीय भूमिका रही।

### अवैध शराब जप्त

शहडोल आगामी लोकसभा निर्वाचन 2024 को दृष्टिगत रखते हुए पुलिस अधीक्षक कुमार प्रतीक द्वारा जिले में शराब की अवैध बिक्री की रोकथाम हेतु विशेष अभियान चलाया जाकर सभी थाना प्रभारियों को अधिक से अधिक अवैध रूप से शराब की बिक्री करने वालो के विरूद्ध कार्यवाही करने हेतु दिशा निर्देश दिये गए थे। जिसके पालन में 01 अप्रैल को अवैध शराब बिक्री करने वालो के विरुद्ध थाना प्रभारियों द्वारा कार्यवाही कर 10 स्थानों पर दबिश देकर कुल 106 लीटर कच्ची महुआ शराब जप्त की गई।

### 60 वाहन चालकों पर हुई कार्यवाही

**शहडोल।** सिटी पुलिस द्वारा 01 अप्रैल को बिना हेलमेट लगाए दो पहिया वाहन चालाने वाले, बिना सीटबेल्ट लगाये चार पहिया वाहन चलाने वाले चालकों एवं अन्य के विरूद्ध विभिन्न धाराओं के तहत 60 चालानों में 33,700 रूपये समंस शुल्क वसूल किया गया कार्यवाही जारी है। पुलिस द्वारा संबंधितों के विरूद्ध चालानी कार्यवाही करते हुए नियमों का पालन करने हेतु कड़ाईपूर्वक निर्देशित किया गया।

### चाकू चमकाते दो धराये

**शहडोल।** खैरहा थाना क्षेत्रांतर्गत 01 अप्रैल को मुखबिर सूचना मिली कि छिरहटी में एक व्यक्ति लोहे का चाकू दिखाकर आमजन को डरा धमका रहा है। सूचना पर खैरहा पुलिस द्वारा उक्त स्थान पर दबिश देकर आरोपी पंकज साहू पिता गेंदलाल साहू उम्र 21 वर्ष निवासी राजेन्द्रा कॉलोनी को पकड़कर तलाशी लेने पर उसके कब्जे से एक अद्द लोहे का चाकू मिला। जिसे जप्त कर उक्त आरोपी के विरूद्ध आर्म्स एक्ट के तहत कार्यवाही की गई। उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी खैरहा के नेतृत्व में सहायक उप निरीक्षक विनोद सिंह की महत्वपूर्ण भूमिका रही।
इसी प्रकार थाना धनपुरी क्षेत्रांतर्गत सूचना मिली कि धनपुरी में एक व्यक्ति चाकू दिखाकर आमजन को डरा धमका रहा है। सूचना पर धनपुरी पुलिस द्वारा उक्त स्थान पर दबिश देकर आरोपी मो. रासिद पिता मो. रहमान 23 वर्ष निवासी वार्ड नं. 15 धनपुरी को पकड़कर तलाशी लेने पर उसके कब्जे से एक अद्द लोहे का चाकू मिला। जिसे जप्त कर उक्त आरोपी के विरूद्ध आर्म्स एक्ट के तहत कार्यवाही की गई। उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी धनपुरी के नेतृत्व में सहायक उप निरीक्षक भूपेन्द्र सिंह की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

### राकेश अग्रवाल का निधन, आज अंतेष्ठी



**शहडोल।** नगर के प्रतिष्ठित व्यवसायी स्व. किशोरी लाल अग्रवाल के द्वितीय सुपत्र राकेश अग्रवाल का आकस्मिक निधन 2 अप्रैल को हो गया है। श्री अग्रवाल कुछ दिनों से अस्वस्थ्य थे, श्री अग्रवाल कुशल उद्योगपति एवं सामाजिक कार्यकर्ता थे। श्री अग्रवाल का पार्थिव शरीर बुधवार, 03 अप्रैल को शांतिधाम बुढ़ार रोड में सुबह 10:30 बजे पंचतत्व में विलीन किया जायेगा। राकेश अग्रवाल अपने पीछे भरा पूरा परिवार छोड़ गये। राकेश अग्रवाल, दिनेश अग्रवाल के अनुज थे, योगेश अग्रवाल के अग्रज थे एवं अभिषेक अग्रवाल के ताऊजी थे।

## बड़े शहरों की तरह विकसित होगा शहडोल जिला

# देश का समग्र विकास ही प्रधानमंत्री की चिंता: राष्ट्रीय अध्यक्ष







**शहडोल।** आदिवासी बहुल शहडोल जिला विकास की गति में जो आगे बढ़ रहा है निश्चित रूप से अब वह पीछे मुड़कर देखने वाला नहीं है। उसे विकास के हर संसाधन उपलब्ध कराए जाएंगे और जनमानस की जरूरतें पूरी की जाएंगी। विपक्षी दल एक ऐसी सरकार और ऐसे दल के पीछे पड़े हैं जिसके लिए केवल देश का विकास ही सर्वप्रमुख है। इंण्डिया गठ बंधन भ्रष्टाचारियों का जमावड़ा है। यहां तो विपक्ष के ऐसे नेताओं की पूरी सूची है जिन्होने जेल यात्रा की। इस आशय के उद्गार भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने मंगलवार की दोपहर नगर की एक आमसभा में व्यक्त किए। उन्होने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की चिंता देश को आगे ले जाने की है, विकास के नए द्वार खोलने की है। उनके हाथ मजबूत किए जाने जरूरी हैं।

### आदिवासी विकास के लिए बढ़ा बजट

मध्यप्रदेश में पहले भी सरकारें बनती थीं लेकिन आदिवासियों के हितों की चिंता इतनी नहीं की जाती थी जितनी कि अब की जाती है और उन्हे लाभ दिलाने का प्रयास किया जाता है। मैं एक ही बात कहना चाहता हूं कि आपने देखा होगा लंबे समय तक शहडोल मध्य प्रदेश में वह दौर भी देखा है, जब सारे इलाके की उपेक्षा होती थी। उस समय जो सरकार बना करती थी वह सरकार समाज को बांटकर जाति के आधार पर परिवारवाद का नाम लेकर और तुष्टिकरण की वोट बैंक की राजनीति लेकर चुनाव लड़ा जाता था। आदिवासियों के विकास के लिए बजट तीन गुना बढ़ा दिया गया है वह मोदी सरकार ही है। इस दृष्टि से शहडोल जिला भी लाभान्वित होगा।

### एयर एम्बूलेंस की मिली सौगात

प्रदेश के मुख्य मंत्री डॉ. मोहन यादव ने राष्ट्रीय अध्यक्ष को मध्यप्रदेश में हुए विकास के कार्यों का उल्लेख करते हुए राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा को धन्यवाद ज्ञापित किया। उन्होने बताया कि नड्डा जी मध्यप्रदेश के हमारे दामाद हैं। इस संबंध के तहत वह हमारे और घनिष्ठ हैं और हमारा उन पर ज्यादा अधिकार है। उन्होने कहा कि हम इससे और ज्यादा मध्य प्रदेश में विकास की उम्मीद करते हैं। मुख्यमंत्री ने सभी बड़े-बड़े शहरों की तरह इन छोटे शहरों में भी एयर एंबुलेंस की शुरुआत करने का सौगात दी। जल्द ही इन छोटे-छोटे शहरों में एयर एंबुलेंस उपलब्ध कराया जाएगा उन्होंने यह भी बताया कि यदि कोई व्यक्ति विशेष परिस्थिति में जिस प्रकार से 108 की शुरुआत की गई है उसी प्रकार से एयर एंबुलेंस की भी व्यवस्था मध्य प्रदेश की जनता के लिए किया गया है। सभी जगह पर लगभग 12 मेडिकल कॉलेज की स्थापना भारतीय जनता पार्टी की सरकार में किया गया है। शहडोल शहर का विकास बड़े शहरों की तर्ज पर किया जाएगा।

### चलता रहेगा विकास का कारवां

कार्यक्रम के दौरान सांसद प्रत्याशी हिमाद्री सिंह ने कहा कि उन्हे जनता का आशीर्वाद चाहिए ताकि वे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की विकास योजनाओं को क्रियान्वित कर सकें। मोदी सरकार के 10 साल के कार्यकाल को उन्होने अमृत काल की संज्ञा देते हुए विकास के हर आयाम जनता के समक्ष प्रस्तुत किया। हिमाद्री सिंह ने क्षेत्र में आम जनता के लिए नागपुर ट्रेन संचालन करने का जो वादा किया था वह अपने कार्यकाल में पूरा करके जनता को विश्वास दिलाया कि आगे भी इसी तरह का कार्य भारतीय जनता पार्टी की सरकार करती रहेगी। हिमाद्री सिंह ने जनता से अपील किया कि भारतीय जनता पार्टी की सरकार विकास की सरकार है। अमरकंटक क्षेत्र को पर्यटन क्षेत्र का दर्जा दिलाया गया और सागर टोला से लेकर नागपुर तक के लिए 851 करोड़ की लागत की सड़क का निर्माण भी इसी भारतीय जनता पार्टी की सरकार में की जा रही है। विकास का यह क्रम चलता रहेगा।


### विकास के नए आयाम

पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष बीडी शर्मा ने कहा कि मध्यप्रदेश को आज भारत का सबसे विकासशील प्रदेश बताया। अध्यक्ष ने कई कल्याणकारी योजनाओं की चर्चा की जिसमें प्रधानमंत्री आवास योजना, आयुष्मान भारत योजना आदि प्रमुख रहीं। उन्होने कहा कि सरकार ने किसानों को भी बराबरी से महत्व प्रदान किया है। उन्हे प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि प्रदान की गई है। ऐसी कई विकास के बातों को जनता के समक्ष रखा और मोदी को विकास पुरुष बताया। और हिमाद्री सिंह के पक्ष में जनता से वोट डालने की अपील की। उन्होंने यह बताया कि शहडोल नगर, जो की उपेक्षा की दृष्टि से देखा जाता था आज वह पूरे देश में अव्वल दर्जे पर है और यह विकास यूं ही चलता रहेगा ।

# फीस जमा न करने पर विद्यालय प्रबंधन ने रोका रिजल्ट




**उमरिया।** गुणवत्तापूर्ण स्तरीय शिक्षा देने के नाम पर संचालित हो रहे निजी विद्यालय इन दिनों शोषण करने पर उतारू हो उठे हैं। वे अभिभावकों से असमय ही और बिना सेवा प्रदान किए ही शुल्क की मांग करते हैं। नहीं देने पर छात्र और अभिभावक को परेशान करने का प्रयास किया जाता है। कहीं रिजल्ट रोक दिया जाता है, कहीं परीक्षा में नहीं बैठने देने की धमकी दी जाती है तो कहीं बच्चों की टीसी रोक दी जाती है। अभिभावक स्कूल प्रबंधन के इस अत्याचार से प्रताड़ति होता रहता है। हार कर उसे प्रबंधन की अनुचित बातों को स्वीकार करना पड़ता है। करकेली स्थित आर सी स्कूल का हाल भी कुछ इसी तरह की है। जहां कई अभिभावक परेशान हैं। कक्षा 4 के छात्र तेजस अग्निहोत्री के पिता राहुल अग्निहोत्री ने बताया कि उसके बच्चे की अंकसूची नहीं दी जा रही है। प्रबंधन का कहना है कि बच्चे की स्कूल बस की मार्च माह की फ ीस जमा नहीं है, पहले उसे जमा करें।



राहुल अग्निहोत्री ने बताया कि चूंकि मार्च माह की फीस अप्रैल माह में जमा होती है इसलिए फीस नहीं दी गई थी। यह भी नहीं बताया गया था कि बिना मार्च की फीस जमा किए रिजल्ट नहीं दिया जाएगा। जब बच्चे का रिजल्ट लेने गए तो पहले इधर उधर घुमाया जाता रहा फिर जब कार्यालय से संपर्क किया गया तो उन्होने फीस की बात सुना दी। फीस देने भर की बात नहीं है सवाल यह है कि बच्चे स्कूल में लगातार वर्षों तक पढ़ते हैं, अगर शुल्क नहीं दिया जाता तो बच्चे पढ़ते कैसे? प्रबंधतंत्र का रवैया अचानक बदल जाता है और उससे अभिभावकों को परेशानी उठानी पड़ती है। स्कूल में बच्चे का रिजल्ट नहीं दिए जाने से उन्हे और बच्चे को सबके सामने अपमानित सा होना पड़ा। स्कूल के इस बर्ताव की शिकायत भी की गई है। प्रबंधतंत्र जिस बस सुविधा की फीस मांग रहा है उस बस की सुविधा देखी जा सकती है, पूरे मार्च माह में बस की सेवा कुल चार दिन उपलब्ध रही है। शेष दिन अभिभावकों को ही बच्चों को स्कूल पहुंचाना पड़ा। उस बस का पूरे माह भर का शुल्क मांगा जा रहा है। प्रबंधतंत्र अपनी सुविधाओं में उतना ध्यान नहीं देता जितना कि अन्यायपूर्ण वसूली में ध्यान देता है। इधर कुछ समय से स्कूल का स्तर भी दिनोदिन गिरता जा रहा है। इसका सबसे बड़ा कारण प्रबंधतंत्र का पैसा परस्त होना है। स्कूल प्रशासन और प्रबंधन दोनो ने स्कूल को व्यवसाय का जरिया बना दिया है।




## सरपंच के भाई के खिलाफ हुई चोरी की शिकायत

**उमरिया।** कोतवाली अंतर्गत ग्राम ददौड़ी निवासी ईश्वरदीन यादव पिता धुरिया यादव ने पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंच कर शिकायत दर्ज कराई कि 14 मार्च की रात 11 बजे दादू सिंह पिता राम बहादुर सिंह व राजेश बैगा पिता धुग्ला बैगा व इसके 2 साथी जो की अज्ञात है। इनके द्वारा हमारे मकान में घुस कर 1 किलो चांदी, सोने के 3 लाकिट, 41 हजार नगद रूपए की चोरी की है। चोरी करने के बाद उक्त चारो लोग भाग रहे थे, जिसमे से 1 चोर दादू सिंह पिता राम बहादुर सिंह को पकड़ लिया गया, जो कि भागते वक्त गिर गया, जिस कारण उसका पैर टूट गया था, उसके 3 साथी मौके से फरार हो गए। दादू सिंह पिता राम बहादुर सिंह को पकड़ कर उसके घर ले जाया गया, उक्त व्यक्ति का भाई संतोष सिंह ग्राम पंचायत का सरपंच है, उसके द्वारा कहा गया कि पुलिस में रिपोर्ट न करो, मैं सामान वापस दिलवा दूंगा, लेकिन सामान नहीं दिलवाया गया, पीड़ति ने कप्तान से न्याय की गुहार लगाई है।

### ओदरी और बकेली में चोरी के कोयले से धधक रहे ईंट भट्टे

**घुनघुटी।** इन दिनों ग्रामीण क्षेत्र में ईंट भ_ों का कारोबार जोर-शोर से चल रहा है इससे लाखों रुपए खनिज राजस्व की क्षति हो रही है, साथ ही ईंट भ_े के संचालक से कोयले से उड़ने वाली धुआ आसपास का पर्यावरण प्रदूषण कर रहा है, ईंट भ_ों संचालकों द्वारा नदी के किनारे व गांव के बीच ईंट भ_ों का संचालन किया जा रहा है, जिले की जनपद पंचायत बिरसिंहपुर पाली के ग्राम पंचायत बकेली, ओदरी, चांदपुर, पाली नजदीक जीरो ढाबा के बगल में अवैध रूप से ईंट भ_े संचालन हो रहा है, ऐसा नहीं है कि इसकी जानकारी खनिज विभाग एवं राजस्व विभाग को नहीं है परंतु इन सब की सांठगांठ से यह व्यवसाय फलित हो रहा है, जबकि ईंट भ_ा संचालकों को खनिज विभाग से ईंट बनाने के लिए अनुमति लेनी पड़ती है, साथ ही पर्यावरण विभाग को भी अनुमति लेनी पड़ती है लेकिन इन दिनों घुनघुटी क्षेत्र में संचालित ईंट भ_ों में शासकीय नियमों के पालन की अनदेखी कर बड़ी मात्रा में ईंटों का निर्माण कर बेचने का कार्य जोरों पर है, इससे खनिज विभाग को लाखों रुपए की छाती हो रही है प्रशासन की कार्यवाही नहीं किए जाने से प्रतिवर्ष ईंट भ_े संचालकों की संख्या बढ़ती जा रही है कई ठेकेदारों द्वारा एक जगह की अनुभूति होने के बाद कई जगहों पर ईंट भ_े संचालित किया जा रहा है, ऐसे ईंट भट्टे को बंद करने में खनिज विभाग व राजस्व विभाग के अधिकारी अक्षम साबित हो रहे हैं, वहीं इन अवैध ईंटों को पकाने के लिए ओदरी में बंद कोयला खदानों से अवैध कोयले निकाल कर अधिकांश जगहों पर अवैध कोयले खरीदी कर इनका उपयोग ईंट भट्टों संचालकों द्वारा किया जाता है, साथ ही कई जगहों पर बड़े-बड़े वृक्षों को भी इसकी बलि चढ़ा दी जाती है।

## बालक बास्केटबॉल में शिक्षा विभाग से चार खिलाड़ी हुए चयनित



**शहडोल।** 67वीं राष्ट्रीय शालेय 17 वर्ष आयु वर्ग बालक बास्केटबॉल में शहडोल संभाग शिक्षा विभाग से चार खिलाड़ियों को चयनित किया गया है। जिसकी राष्ट्रीय प्रतियोगिता गुरुग्राम हरियाणा में 27 से 30 अप्रैल तक आयोजित की जाएगी। जिसका प्री नेशनल कोचिंग कैंप शहडोल में 20 से 25 अप्रैल तक आयोजित किया जाएगा। चयनित खिलाड़ी हैं लक्ष्य बत्रा, उत्कर्ष गुप्ता, कृष्णा चौरसिया कान्वेंट स्कूल शहडोल, शेखर शुक्ला सेंट अलायसिस स्कूल शहडोल, वीरेंद्र श्रीवास्तव, खेल शिक्षक कॉन्वेंट स्कूल शहडोल को मध्य प्रदेश 17 वर्ष बालक बास्केटबॉल टीम का कोच नियुक्त किया गया है। चयनित राष्ट्रीय खिलाड़ी, कोच एवं पदाधिकारी मगन सिंह कनेश, संयुक्त आयुक्त (विकास) कार्यालय कमिश्नर ऑफिस शहडोल, रईस अहमद, सहायक संचालक खेल, (एनआई एस) फुटबॉल कोच, कार्यालय संयुक्त संचालक लोक शिक्षण शहडोल संभाग के.के. श्रीवास्तव, सचिन बास्केटबॉल संघ शहडोल एवं बास्केटबॉल कोच, गौरव त्रिपाठी, खेल शिक्षक सेंट अलायसिस स्कूल शहडोल ने बी. एस. जामोद, (आईएएस)कमिश्नर से मुलाकात की।
कमिश्नर द्वारा खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया, उन्हें पुष्प गुच्छ देकर सम्मानित किया, साथ ही बास्केटबॉल खेल सुविधाओं के बारे में चर्चा की एवं राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में अच्छे खेल प्रदर्शन कर जितने एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर चयनित होने कि शुभकामनाएं दी। साथ ही खेल शिक्षकों से चर्चा कर शहडोल में प्रचलित खेलों एवं खेल मैदान एवं खेल प्रशिक्षकों के बारे में जानकारी ली और बास्केटबॉल एवं एथलेटिक्स 400 मीटर ट्रैक के खेल मैदान राष्ट्रीय स्तर लेवल के तैयार करने हेतु प्रोजेक्ट बनाने के निर्देश दिए हैं। सहदेव सिंह मेरावी, उपसंचालक लोक शिक्षण द्वारा खिलाड़ी को राष्ट्रीय स्तर पर चयनित होने पर बधाइयां दी हैं साथी उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।
रईस अहमद द्वारा कमिश्नर को संभाग शिक्षा विभाग की खेल उपलब्धियां के बारे में जानकारी दी वर्ष 2023, 24 में शालेय राष्ट्रीय स्तर में चयनित खिलाड़ियों के बारे में बताया कि बालक बालिका 14, 17, 19, आयु वर्ग में फुटबॉल में 9, बास्केटबॉल में 14, हॉकी में 14, शिपक टकरा में 4, हैंडबॉल में 4, कराते में 2, क्रिकेट में 1 खिलाड़ी कुल, 48 खिलाड़ियों का चयन किया गया है। 67वीं शालेय राज्य स्तर प्रतियोगिता में शहडोल संभाग शिक्षा भाग को प्राप्त स्थान 19 वर्ष बालिका फुटबॉल प्रथम स्थान,19 वर्ष बालक, बालिका हॉकी प्रथम स्थान, 17 वर्ष बालक, बालिका बास्केटबॉल प्रथम स्थान, 19 वर्ष बालिका सिपक टकरा में तृतीय स्थान, 14 वर्ष बालक हैंडबॉल तृतीय स्थान, 14 वर्ष बालक हॉकी तृतीय स्थान, परंपरागत लाठी 19 वर्ष बालक बालिका द्वितीय स्थान प्राप्त किया है।

## शारीरिक-मानसिक रूप से बेवा को परेशान कर रहा खनन माफिया

**बुढ़ार।** थाना क्षेत्र अंतर्गत खनन माफिया के नाम पर दो दशको से सेमरा, हड़हा आदि ग्रामों में ख्याति प्राप्त रज्जन महराज के खिलाफ स्थानीय महिला ने पहले बुढ़ार थाने में और कार्यवाही न होने पर पुलिस अधीक्षक शहडोल को शिकायत देते हुए न्याय मांगा है। महिला ने दी गई शिकायत में यह आरोप लगाये हैं कि रज्जन उसे मानसिक और शारीरिक रूप से परेशान करता है। उसके पुस्तैनी मकान पर कब्जा करना चाहता है और मकान को जेसीबी चलाकर तोडने की धमकी भी दे रहा है। महिला ने यह भी कहा कि उसकी शिकायत बुढ़ार थाने में दी थी, कार्यवाही नहीं हुई, आखिर महिला को न्याय कहां मिलेगा। इसीलिए पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचकर शिकायत दे रही हूं, शायद यहां न्याय मिल जाये।





फरियादिया ने शिकायत में लिखा कि मैं ग्राम सेमरा, थाना बुढार की निवासी हूं। मेरे ससुर स्व. बलराम सिंह ग्राम सेमरा में आकर बसे थे और मकान बनाकर आबाद थे, उनकी मृत्यु हो गई, उनके एक पुत्र राजू सिह थे, मैं उनकी ब्याहता पत्नी हूँ, श्रीमती मुन्नी सिंह मेरी सास है, मेरे पति की मृत्यु हो गई है, मेरी सास मुझे घर देकर और घर के समस्त गृहस्थी का सामान देकर मायके चली गई , वही निवास करने लगी, मैं अपने ससुर व पति के बनाये गये मकान में अपने बच्चो सहित पिछले 22 वर्षों से ग्राम सेमरा में निवासरत हूँ। माह अक्टूबर 2023 से रज्जन महराज लगातार मेरे घर आता है, मुझे मानसिक व शरीरिक रूप से परेशान करता है।

पीड़ति ने शिकायत में लिखा कि रज्जन कहता है कि इस मकान को खाली कर दो, मुझे परेशान करके रखा है, खाली न करोगी तो, जेसीबी मशीन लगाकर तोडवा दूगां। पिछले सप्ताह जेसीबी मशीन लाकर मुझे गाली देते हुए, मुझे व मेरे बच्चों को लाठी लेकर मारने का दौड़ाता है और करीब 20 लाख रूपये के मकान को तोडवाने के फिराक में लगा हुआ है, कहता है कि इस मकान को खाली कर दो, मैं कब्जा करूगां। तुम अन्यत्र कहीं जाकर बस जाओं । रज्जन महराज उर्फ राजेन्द्र पाण्डेय काफी सबल व सम्पन्न व्यक्ति है, मुझ विधवा महिला को परेशान कर रखा है और अनुचित दबाव बना रखा है, मेरा जीना हराम कर रखा है और 2-3 लोग को आज सुबह मेरे घर भेजा था वे भी मुझे घर खाली करने को कहे और कहे कि यदि घर खाली नही करे तो, अंजाम भुगतने के लिए तैयार रहना। मुझे पूरा विश्वास है, राजेन्द्र पाण्डेय मकान की लालच मे मेरी हत्या करवा देगा या रोड एक्सीडेन्ट करा देगा।

### इनका कहना है...

शिकायत को तुरंत दिखवा कर, जांच कराई जायेगी, आरोपी के खिलाफ जल्द ही कार्यवाही होगी।

संजय जायसवाल
थाना प्रभारी
बुढ़ार

खबर संक्षेप

## मतदाता जागरूकता अभियान के तहत कार्यक्रम आज

**उमरिया।** भारत निर्वाचन आयोग नई दिल्ली व्दारा लोकसभा निर्वाचन 2024 के घोषित कार्यक्रम अनुसार 12 अनुसूचित जन जाति शहडोल संसदीय क्षेत्र के लिए मतदान 19 अप्रैल को होना है। मतदाता जागरूकता अभियान अंतर्गत मानपुर स्टेरडियम ग्राउण्ड में 03 अप्रैल को दोपहर 03 बजे से मेगा स्वीप कार्यक्रम आयोजित किया गया है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी धरणेन्द्र कुमार जैन ने मेगा स्वीप कार्यक्रम के सफल संचालन के लिए अधिकारियों को उत्तरदायित्व सौंपा है। उन्होंने कहा है कि अधिकारी सौंपे गये उत्तरदायित्वों का निर्वहन करना सुनिश्चित करें।

## सरस्वती शिशु मंदिर जैतहरी का वार्षिक गृह परीक्षा परिणाम घोषित



**जैतहरी।** 1 अप्रैल को सरस्वती शिशु मंदिर जैतहरी का वार्षिक गृह परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप मे श्रीमती सरोज प्रजापति सदस्य विवेकानंद बाल कल्याण समिति उपस्थिति रही वही मंच पर प्रशांत सोनी, दिनेश चंदेल, नीतेश अग्रवाल, अनिल प्रजापति, दीपक उरमलिया प्राचर्य तथा समस्त आचार्य परिवार सहित भैया बहन एवं अभिभावकगण उपस्थित रहे। इस अवसर पर स्थान प्राप्त भैया बहनों का मंच पर सम्मान किया गया। प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त विद्यार्थियों का तिलक चंदन लगाकर शील्ड प्रदान किया गया। इस अवसर पर सरोज प्रजापति ने उद्बोधन मे शिक्षा के साथ संस्कार की महत्ता पर प्रकाश डालते हुये समझाया। प्राचार्य दीपक उरमलिया द्वारा उद्बोधन मे बच्चों को और अधिक मेहनत करते हुये परीक्षा परिणाम को बेहतर करने के लिए प्रेरित किया गया। आभार प्रदर्शन संस्था के व्याख्याता रामगोपाल राठौर ने किया। कार्यक्रम का मंच संचालन हिमांशु गुप्ता द्वारा किया गया।

### 162 खसरों पर 3561 टुकड़ों में बांटकर की गई अवैध प्लाटिंग

# भू-माफिया के साझे में हर अधिकारी काटते बेइमानी की फसल

### कृषि भूमि पर भू-माफियाओं की गिद्ध नजर

**उमरिया।** भू-माफिया पर कार्रवाई के लिए शासन भले ही सख्त हो, लेकिन प्रशासन मेहरबान है, जिला मुख्यालय से लेकर आस-पास सटे ग्रामों में कृषि भूमि पर अवैध कॉलोनियां काटी जा रही हैं। भू-माफिया शासन के नियमों को ताक पर रख कर कृषि भू-खण्ड को छोटे-छोटे खंड में बांट कर अवैध कालोनियों का कारोबार कर रहे हैं। राजधानी से आदेश के बावजूद जिले में बैठे जिम्मेदार पता नहीं अवैध प्लाटिंग के विरूद्ध कब नारियल फोड़ेंगे। संभागीय मुख्यालय सहित पड़ोसी जिले उमरिया, अनूपपुर में कृषि भूमि पर अवैध प्लाटिंग का कारोबार रजिस्टार कार्यालय के संरक्षण में जमकर फल-फूल रहा है, बीते दिनों पड़ोसी जिले कटनी में अवैध प्लाटिंग के विरूद्ध जिला प्रशासन ने सख्त कार्यवाही करते हुए एफआईआर के साथ ही अवैध प्लाटिंग पर भवन निर्माण में प्रतिबंध लगाया है, लेकिन उमरिया जिले में प्रमाणित अवैध प्लाटिंग के मामलों में भी जिला प्रशासन चुप्पी साधे बैठा है, हालाकि इस अवैध प्लाटिंग के कारोबार की छूट रजिस्टार कार्यालय से मिलती है, इस बात से इंकार नहीं किया जा सकता है। कायदों के अनुसार एक खसरे नंबर 3 से अधिक बटांक नहीं किये जा सकते, लेकिन कृषि भूमि पर दर्जनों बटांक रजिस्टार कार्यालय से हो रहे है, लेकिन पूरा प्रशासनिक अमला चुप्पी साधे बैठा है।

### सबका हिस्सा रहता है

रजिस्ट्रार कार्यालय के कर्मचारियों और भू-माफिया की मिलीभगत से रिकॉर्ड रूम के अंदर भी खेल किया जा रहा है, चर्चा है कि रिकार्ड रूम से भू-माफियाओं द्वारा दस्तावेज में हेरफेर कराया जा रहा है, जिला मुख्यालय उमरिया में 15, लालपुर के 42, खलेसर के 3, उमरिया तनाजा के 2, छटन कैम्प के 18, विकटगंज के 43, भरौली वीरान के 19, चंदवार के 8, उजनिया के 12 खसरे हैं, इन सभी 162 खसरों पर कुल 3561 प्लाट काटे गए हैं, आम लोगों को अवैध प्लाटिंग की



जानकारी है, लेकिन जिम्मेदार कुर्सी पर बैठे लोग अवैध प्लाटिंग के मामलों में या तो शिकायतों के इंतजार में रहते हैं या फिर अंजान बनने का नाटक करते हैं।

### एनएसए की होनी चाहिए कार्यवाही

एक ओर वर्तमान मोहन सरकार अवैध कालोनी को वैध न करने के साथ ही अवैध कालोनी काटने वालों पर एनएसए लगाने की बाते कर रही है, वहीं दूसरी ओर जिला मुख्यालय में रजिस्ट्रार कार्यालय के मुखिया मुख्यालय से सटे क्षेत्रों में कृषि भू-खण्ड पर प्लाटिंग करने वालों को गोद में बैठाकर धड़ल्ले से कृषि भू-खण्ड के टुकड़े कर रहे हैं, 162 खसरों पर कुल 3561 प्लाट काटे गए हैं, इसकी जानकारी आम लोगों को हैं, लेकिन जिम्मेदार इससे बेखबर हैं। भू-माफिया जिले में इतने हावी है कि वह अब सिस्टम में घुस चुके हैं। हर प्लाटिंग पर राजस्व विभाग सहित अन्य विभागों का भी कमीशन तय है, इसके लिए बकायदा भू-माफिया प्लाट की रजिस्ट्री होते ही नजराना पहुंचा देते हैं।

### काली कमाई छुपाने का खेल

हर किसी का एक सपना होता है कि उनका स्वयं का एक अच्छा, सुविधानुसार मकान हो, लेकिन 162 खसरों पर 3561 प्लाट में जिन लोगों ने जमीने खरीदी है, उसमें कई शासकीय कर्मचारियों के रिश्तेदार भी है, इसके अलावा व्यापारी भी है, जानकारों की माने तो शासकीय कर्मचारी को खुद या अपने परिवारजन के नाम पर जमीन खरीदने से पहले विभागीय अनुमति लेनी होती है, जिला प्रशासन अगर इस तरफ भी कदम उठा ले तो, बड़ा खुलासा हो सकता है, इसके अलावा खरीददारों की आय का श्रोत क्या है, इस ओर भी ध्यान देना चाहिए, चर्चा है कि उक्त कृषि भू-खण्ड को कालरी से पास दिखाकर एक ही परिवार के कई सदस्यों के नाम पर रजिसट्रियां करवाई गई है, अगर निष्पक्ष जांच हुई तो, कई ऐसे व्यक्ति सामने आयेंगे, जिन्होंने अपनी काली कमाई अवैध प्लाटिंग में निवेश की है।

### तमाम नियमों की देते हैं दुहाई

जिला मुख्यालय सहित से ग्रामीण क्षेत्र में भू-माफिया के साथ मिलकर कृषि भू-खण्ड खुर्द-बुर्द किया गया है, इसके बाद विद्युत विभाग के जिम्मेदारों से सांठ-गांठ कर विद्युत पोल गड़वाये गये, इसके बाद प्लाटिंग कथित भू-माफिया द्वारा की गई, कुछ लोगों ने घर भी बना लिये, वैसे अगर आपको शहर के घर में लाईट लगवानी है तो, तमाम नियम कानून आपको बता दिये जायेंगे, लेकिन अवैध प्लाटिंग पर लगे ट्रांसफार्मर से ही लाईट अवैध कालोनी में पहुंच रही है, चर्चा है कि न तो विभाग ने दस्तावेज देखे और न ही किसी प्रकार की अनुमति के दस्तावेज ही मांगे। इससे साफ जाहिर होता है कि विद्युत विभाग में बैठे जिम्मेदारों ने भी समय-समय पर अपनी जेबें गरम की है।

# मतदान दलों एवं माइक्रो आब्जर्वर का किया गया द्वितीय रेण्डमाईजेशन



**उमरिया।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा लोक सभा क्षेत्र 12 अजजा के लिए नियुक्त सामान्य प्रेक्षक शंतनु पी. गोतमारे की उपस्थिति में कलेक्टर सभागार में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी धरणेन्द्र कुमार जैन द्वारा मतदान दलों का व्दितीय रेण्डमाईजेशन तथा माइक्रो आब्जर्वर का रेण्डमाईजेशन संपन्न किया गया।

मतदान दलों के व्दितीय रेण्डमाईजेशन के पश्चात जिले की दोनो विधानसभा क्षेत्रों के 585 मतदान केन्द्रों के लिए मतदान दलो के गठन की प्रक्रिया पूरी हो गई है। जिले में कुल 643 मतदान दल गठित किए गए है, जिसमें 10 प्रतिशत अतिरिक्त मतदान दल भी शामिल है। जिले में महिलाओं द्वारा संचालित 66 पिंक बूथ तथा महिलाओ एवं पुरूषों द्वारा संचालित 95 मिक्स मतदान दल भी गठित किए गए है। इसके अतिरिक्त माइक्रो आब्जर्वर का भी रेण्डमाईजेशन संपन्न किया गया। मतदान दलो का प्रशिक्षण 4,5 एवं 6 अप्रैल को तथा माइक्रो आब्जर्वर का प्रशिक्षण 7 अप्रैल को शासकीय रणविजय प्रताप सिंह महाविद्यालय में आयोजित किया जाएगा। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक निवेदिता नायडू, उप जिला निर्वाचन अधिकारी शिवगोविंद सिंह मरकाम, एआरओ बांधवगढ रीता डेहरिया, मानपुर कमलेश नीरज, मास्टर ट्रेनर सुशील मिश्रा, डीआईओ धीरेंद्र प्रताप सिंह, निर्वाचन पर्यवेक्षक हरिशंकर झारिया उपस्थित रहे ।

# स्ट्रांग रूम एवं मतगणना स्थल का सामान्य प्रेक्षक ने किया अवलोकन

**उमरिया।** आगामी लोकसभा निर्वाचन 2024 को दृष्टिगत रखते हुए मतदान दलों के सामग्री वितरण स्थल तथा मतदान संपन्न होने के पश्चात मतदान सामग्री वापसी तथा मतगणना स्थल जो शासकीय पालीटेक्निक उमरिया में बनाया गया है, का सामान्य प्रेक्षक शंतनु पी गोतमारे ने कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी धरणेन्द्र कुमार जैन के साथ निरीक्षण किया तथा आवश्यक दिशा निर्देश प्रदान किए। सामान्य प्रेक्षक ने निरीक्षण के दौरान मतदान सामग्री वितरण हेतु



विधानसभावार मतदान दलों के सामग्री वितरण, मतदान सामग्री के रखने की व्यवस्था, वाहन पार्किंग, परामर्श केन्द्र, वाहन चालको एवं उनके सहयोगियों के लिए बनाये जाने वाले विशेष मतदान केंद्र की व्यवस्था, पुलिस व्यवस्था, सेक्टर मजिस्ट्रेटों के वाहन पार्किंग की व्यवस्था, मतदान दलो के लिए चाय नाश्ता एवं भोजन के लिए कैंटीन की व्यवस्था, मतदान संपन्न होने के पश्चात मतदान सामग्री की वापसी की व्यवस्था तथा विधानसभावार बनाये जाने वाले स्ट्रांग रूम एवं सुरक्षा व्यवस्था की जानकारी प्राप्त की। इस अवसर पर अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी शिवगोविंद सिंह मरकाम, एसडीएम बांधवगढ रीता डेहरिया, मानपुर कमलेश नीरज, तहसीलदार बांधवगढ तहसीलदार सतीश सोनी, कार्यपालन यंत्री लोक निर्माण विभाग गजेन्द्र गायकवाड, मास्टर ट्रेनर सुशील मिश्रा, निर्वाचन सुपरवाईजर हरिशंकर झारिया उपस्थित रहे।

# निर्धारित पाठ्यक्रम के अतिरिक्त पुस्तकों का अध्यापन पाये जाने पर संचालकों पर होगी कार्यवाही : कलेक्टर



### गणवेष एवं पुस्तकों के संचालन में अशासकीय स्कूल की नहीं चलेगी मनमानी

**उमरिया।** प्रदेश शासन के निर्देशानुसार स्कूलों में प्रवेश की प्रक्रिया प्रारंभ हो चुकी है। शासकीय एवं अशासकीय स्कूलो में शासन द्वारा निर्धारित पाठ्यक्रम के पुस्तकों से ही अध्यापन का कार्य संपन्न होना चाहिए। एनसीआरटी या प्रदेश सरकार द्वारा निर्धारित पाठ्यक्रम की पुस्तकों से ही विद्यार्थियो की पढई संपन्न कराई जाए। किसी अन्य प्रकाशक या मुद्रक की पुस्तके अध्यापन कार्य उपयोग नहीं की जाए और न ही विद्यार्थियों के गणवेश या अन्य अध्यापन सामग्री के लिए उनके अभिभावको पर दबाव डाला जाएगा और न ही किसी निश्चित दुकान से गणवेश या अध्यापन सामग्री क्रय करने के लिए बाध्य किया जाएगा, अन्यथा संबंधित स्कूली संस्थाओ एवं उनके संचालक मण्डल के विरूध्द शासन के प्रावधान के अनुसार कार्यवाही की जाएगीं। यह निर्देश कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी धरणेन्द्र कुमार जैन ने जिले में संचालित अशासकीय शालाओ के संचालकों एवं उनके प्राचार्यो को बैठक के माध्यम से दिए।

बैठक में जिला शिक्षा अधिकारी एम. एस. गौर, जिला समन्वयक सर्व शिक्षा अभियान सुशील मिश्रा, अशासकीय स्कूल संचालक एवं प्राचार्य उपस्थित रहे। राज्य शासन द्वारा इस संबंध में आदेश जारी किया गया है कि स्कूल प्रबंधन एवं प्राचार्य द्वारा एनसीईआरटी, एससीईआरटी से संबंधित पुस्तकों के साथ अन्य प्रकाशकों की अधिक मूल्य की पुस्तकें एवं अन्य सामग्री क्रय करने हेतु पालकों पर अनुचित दबाव बनाया जाकर विषयवार एनसीईआरटी , सीबीएसई , एससीईआरटी मुद्रित व निर्धारित पाठ्यकम की पाठ्य पुस्तकों के स्थान पर अन्य प्रकाशकों की पाठ्य पुस्तकों को चयन कर अभिभावक को दुकान विशेषध्निर्धारित स्थान से पाठ्य पुस्तकों व अन्य शैक्षिक सामग्री अथवा यूनिफार्म करने हेतु अप्रत्यक्ष रूप से बाध्य किया जा रहा है। इस संबंध में म.प्र. निजी विद्यालय (फीस तथा अन्य संबंधित विषयों का विनियमन) अधिनियम, 2017 की धारा 6 एवं 9 तथा म.प्र. निजी विद्यालय (फीस तथा अन्य संबंधित विषयों का विनियमन) नियम 2020 के नियम 6 एवं 9 को संज्ञान में लिया जाये। म.प्र. निजी विद्यालय (फीस तथा अन्य संबंधित विषयों का विनियमन) नियम 2020 के नियम 6 (1) (घ) में स्पष्ट उल्लेख हैं कि निजी विद्यालय प्रबंधन द्वारा छात्र या अभिभावक को पुस्तके, यूनिफार्म, टाई, जूते, कॉपी आदि केवल चयनित विकताओं से कय करने के लिए औपचारिक अथवा अनौपचारिक किसी भी रूप में बाध्य नहीं किया जाएगा। छात्र या अभिभावक इन सामग्रियों को खुले बाजार से क्रय करने के लिए स्वतंत्र होंगे। इस आशय की शिकायते प्राप्त होने की स्थिति में नियम 2020 के नियम 9 में वर्णित प्रक्रिया का पालन करते हुए संबंधित विद्यालय के विरूद्ध आवश्यक शास्ति अधिरोपित करने की कार्यवाही की जायेगी।

# एव्हीएससी एवं एव्हीपीडी मतदाताओं का मतदान 6 एवं 7 को

### सेक्टर आफिसर एंव मतदान दल को होम वोटिंग कराने का दिया गया प्रशिक्षण

**उमरिया।** सेक्टर आफिसर एवं मतदान दल को 85 वर्ष से ऊपर एवं दिव्यांग श्रेणी के मतदाताओ को घर से मतदान कराने का प्रशिक्षण शासकीय रणविजय प्रताप सिंह महाविद्यालय छात्रावास भवन मे दिया गया। मतदान 6 अप्रैल एवं 7 अप्रैल को होगा। प्रशिक्षण को संबोधित करते हुए नोडल अधिकारी कर्तव्य अग्रवाल ने कहा कि आयोग के निर्देशानुसार 85 वर्ष से ऊपर एवं दिव्यांग श्रेणी के मतदाताओ का मतदान संपन्ना कराने मे अपनी महती भूमिका का निर्वहन करें। इस दौरान पुलिस बल भी उपलब्ध रहेगा। वरिष्ठ नागरिकों 85 वर्ष आयु



से ऊपर से व्यक्तियों से मतदान कराने, मतदान सूचित चिन्हित दिव्यांग मतदाता, कोविड 19 प्रभावित या संभावित रोगी, आवश्यक सेवा वाले मतदाताओ को पोस्टल बैलेट की सुविधा प्रदान की गई है। प्रथम तीन श्रेणी के मतदाताओ के लिए घर-घर जाकर मतदान करवाया जाएगा। चौथी श्रेणी के मतदाता पोस्ट वोटिंग सेंटर पहुंचकर पीबी से मतदान से कर सकेगे। प्रशिक्षण मे आरओ द्वारा श्रेणीवार तथा मतदान केंद्रवार एव्ही की सूचियां तैयार करने, बीएलओ द्वारा घर-घर जाकर फार्म 12 डी का वितरण एवं पावती, फार्म वितरण की पावती आरओ को जमा करने, निर्वाचन कार्यक्रम की घोषणा तिथि से अधिसूचना जारी होने की दिनांक से पांच दिवस के अंदर भरे हुए फार्म इच्छुक मतदाताआ से प्राप्त करने, फार्म 12 डी मे प्रविष्ट जानकारियों को आरओ द्वारा सत्याापन करने, यदि कोई पीडब्ल्यूडी मतदाता मतपत्र से मतदान की सुविधा चुनता है, तो फार्म 12 डी के साथ दिव्यांगो के अधिकार अधिनियम के तहत समुचित सरकार द्वारा जारी दिव्यांगता प्रमाण पत्र जो 40 प्रतिशत से अधिक हो, को संलग्न करने के साथ ही डाकमतपत्र के प्रारूप, मतदान दल का स्वरूप, मतदान दल की सामग्री, मतदान रूट, दिनांक एवं अनुमानिक साझा करना, मतदान प्रक्रिया, आदि की जानकारी दी गई। प्रशिक्षण के समय मास्टर ट्रेनर सुशील मिश्रा, प्रदीप सिंह गहलोत, संजय पाण्डेय उपस्थित रहे।

# बीएसएनएल का 2जी और 3जी नेटवर्क विभाग के लिए ही बना चुनौती

**राजनगर।** राजनगर कोयलांचल क्षेत्र में भारत संचार निगम लिमिटेड न्यू राजनगर थाना के पास द्वारा 2 जीऔर 3 जी नेटवर्क प्रदान करने हेतु मोबाइल टावर लगाए गए हैं। जिससे क्षेत्र के लोगों को अच्छी नेटवर्क और डाटा की सुविधा मिल सके। लैंडलाइन टेलीफोन का अस्तित्व खत्म होने के बाद आम जीवन में लोगों को कीपैड मोबाइल 2 जी नेटवर्क तथा स्मार्टफोन से 3जी और 4 जी नेटवर्क का राजनगर वासी आनंद ले रहे थे। राजनगर में भारत संचार निगम लिमिटेड का मोबाइल 2जी और 3 जी नेटवर्क ठीक चल रहा था। लेकिन विगत कुछ दिनों से यहां पर 2जी नेटवर्क बिल्कुल ठप्प पड़ा हुआ है। जो समाचार लिखे जाने तक 1 अप्रैल 2024 शाम तक प्रारंभ नहीं हो सका है। नगर वासी बताते हैं कि 18 मार्च 2024 के बाद से नगर में 2जी सेवा बिल्कुल बंद हो गई है। उस चक्कर में 3जी सेवा भी लुका छुपी का खेल खेल रही है। कभी नेटवर्क आया एकाएक, दो घंटे के लिए फिर चला जाता है। विभागीय अधिकारियों



का कहना कि हमारे यहां से सिस्टम सब सही है फिर भी दिखवाते हैं। देखते है, दिखाते हैं। दिखवाने के बाद 12 दिन बीत गए परंतु 2जी नेटवर्क की सेवा अभी तक बहाल नहीं हो पाई। जो खुद ही विभाग के लिए अब चुनौती बन गई है। 2 जी नेटवर्क कैसे चालू किया जाए राजनगर का। ऐसा राजनगर के इतिहास में पहली बार हुआ है कि इसमें इतने दिनों तक 2जी मोबाइल नेटवर्क बंद रहा है। जिस कारण अब उपभोक्ताओं का मोह बीएसएनएल के प्रति मोह कम हो रहा है। समय रहते यदि राजनगर में मोबाइल नेटवर्क की सेवाएं सुचारू रूप से सही नहीं हो पाई तो यहां पर बीएसएनएल के उपभोक्ता नहीं रह पाएंगे। जिसके कारण विभाग को नुकसान होगा। समय रहते वरिष्ठ अधिकारियों को एक विशेष टीम गठित कर युद्ध स्तर पर इस समस्या का निराकरण करना होगा। नहीं तो लोगों का बीएसएनएल के प्रति भरोसा टूट जाएगा। साथ ही दूर संचार भवन बाउंड्री राजनगर में रोशनी / लाईट की व्यवस्था न होने के कारण यहां रात में शराबियों का अड्डा बना हुआ है। जिस कारण चोरों द्वारा कुछ दिन पूर्व ही मोबाइल टावर के बीटीएस केबल काट ली गई थी। जिस पर जिला प्रबंधक दूरसंचार शहडोल द्वारा दूसरी केबल व्यवस्था करके नेटवर्क सुविधा को चालू कराया था।

## सरस्वती उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बिजुरी में मनाया गया प्रवेश उत्सव कार्यक्रम



**बिजुरी।** मध्य प्रदेश की सभी शैक्षणिक संस्थाएं 1 अप्रैल से प्रारंभ हो चुकी है, शैक्षणिक सत्र के प्रथम दिन दिनांक 1 अप्रैल को प्रदेश के सभी शासकीय व अशासकीय विद्यालयों में प्रवेश उत्सव के तहत नए बच्चों के एडमिशन की प्रक्रिया को बड़े ही उत्साह के साथ मनाया गया, सरस्वती उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बिजुरी में भी नए शैक्षणिक सत्र के प्रथम दिन प्रवेश उत्सव कार्यक्रम के तहत नवीन बच्चों का एडमिशन भारतीय संस्कृति पद्धति के अनुसार मां सरस्वती का पूजन, तिलक, वंदन कर किया गया, विद्यालय के प्राचार्य शिव प्रसाद तिवारी द्वारा विद्यालय में प्रवेश किए हुए नए छात्रों को तिलक लगाकर उनका स्वागत किया गया तथा उनके उज्जवल भविष्य की कामना की गई।

# छात्राओं को दे रहे निशुल्क आत्मरक्षा प्रशिक्षण

**कोतमा।** कोतमा नगर में छात्राओं को आत्मरक्षा का प्रशिक्षण दिया जा रहा है जिससे कि वह किसी भी परिस्थिति में स्वयं की सुरक्षा कर सकें। प्रतिदिन सैकड़ो की संख्या में छात्राओं के द्वारा इस शिविर में पहुंचकर आत्मरक्षा से संबंधित दाव सीख रहे हैं। कोतमा मार्शल आर्ट्स खेल एवम कला एकेडमी के मुख्य प्रशिक्षक एवम निर्देशक देवशरण सिंह द्वारा वार्ड क्रमांक 1 चौपाटी में नगर की छात्राओ को निः शुल्क आत्मरक्षा के गुर सिखाए जा रहे हैं। देवशरण सिंह ने बताया कि आजकल बढ़ रही छेड़छाड़ की घटनाओं के चलते मनचलों को सबक सिखाने के लिए इस कला को अवश्य सीखना चाहिए। यदि किसी भी युवती को मार्शल आर्ट आता है वह मनचलों को सबक सिखा सकती है। पुलिस की कार्रवाई में देरी हो जाती है इसीलिए मौके पर लड़ने के लिए युवतियों की मार्शल आर्ट की कला मददगार साबित हो सकती है।



देवशरण सिंह कहते हैं कि अब युवतियों को मार्शल आर्ट सिखा कर उनका मनोबल बढ़ाना ही उसके जीवन का लक्ष्य बना लिया है। उन्होंने कहा कि महिलाओं व युवतियों का ग्रुप यदि उसे किसी अन्य स्थान पर कैंप लगाने के लिए निमंत्रण देता है तो वह तैयार है।

# वी क्लब के नवनियुक्त पदाधिकारियो की बैठक हुई संपन्न

**कोतमा।** कोतमा नगर में वी क्लब के नवनियुक्त पदाधिकारियों की बैठक संपन्न हुई। जिसमें अध्यक्ष रमा सोनी सचिव सुमन गुप्ता कोषाध्यक्ष छाया बरसैंया के द्वारा नए सत्र का स्वागत किया गया एवं महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की गई जिसमें माइक्रो



चेयर पर्सन के लिए वैशाली ताम्रकार किरण गोयंका रचना जैन नीतू अग्रवाल एवं रीता गुप्ता शिल्पा जैन संगीता प्रजापति निशा गुप्ता बबीता गुप्ता अंजू गुप्ता के नाम प्रस्तावित हुए। इस कार्यक्रम में वर्षा चावढ़ा, रजनी खटोड़, नीलू जैन, मीनाक्षी नामदेव शामिल रहे।

## खबर संक्षेप



### आज तीन अभ्यर्थियों ने अपने नामांकन प्रस्तुत किये



**रीवा।** लोकसभा निर्वाचन 2024 के लिए रीवा संसदीय क्रमांक 10 के निर्वाचन हेतु आज 2 अप्रैल को तीन अभ्यर्थियों ने अपने नामांकन प्रस्तुत किये। जनार्दन प्रसाद मिश्रा ने भारतीय जनता पार्टी, बाबूलाल सेन ने मौलिक अधिकार पार्टी तथा अभिषेक कुमार पटेल ने बहुजन समाज पार्टी के अभ्यर्थी के तौर पर अपने नाम निर्देशन पत्र रिटर्निंग अधिकारी श्रीमती प्रतिभा पाल के समक्ष प्रस्तुत किये। अब तक कुल 4 उम्मीदवारों द्वारा नामांकन पत्र दाखिल किये जा चुके हैं। नामांकन पत्र 4 अप्रैल को दोपहर बाद 3 बजे तक दाखिल किये जा सकते हैं।

### निर्वाचन कार्य का प्रशिक्षण आज से

**रीवा।** लोकसभा चुनाव के लिए रीवा संसदीय क्षेत्र में मतदान की तिथि 26 अप्रैल निर्धारित की गयी है। मतदान दल में शामिल पीठासीन अधिकारियों तथा मतदान अधिकारियों को निर्वाचन कार्य का प्रशिक्षण 3 अप्रैल एवं 4 अप्रैल को दिया जायेगा। इस प्रशिक्षण में विशेष पुलिस अधिकारी के रूप में मतदान केन्द्र में तैनात होने वाले कर्मचारी भी शामिल होंगे। इस संबंध में प्रभारी अधिकारी प्रशिक्षण डॉ. सौरभ सोनवणे ने बताया कि प्रशिक्षण शासकीय टीआरएस कालेज रीवा, शासकीय आदर्श विज्ञान महाविद्यालय रीवा एवं शासकीय विधि महाविद्यालय रीवा में आयोजित किया जा रहा है। प्रशिक्षण दोनों दिवसों में दो पालियों में आयोजित होगा। प्रथम पाली में सुबह 10 बजे से दोपहर 12 बजे तथा दूसरी पाली में दोपहर 2 बजे से शाम 5 बजे तक प्रशिक्षण होगा। सभी पीठासीन अधिकारी, मतदान अधिकारी तथा विशेष पुलिस अधिकारी प्रशिक्षण अनिवार्य रूप से उपस्थित रहे।

### मतदाता जागरूकता के लिए मैराथन दौड़ का आयोजन आज

**रीवा।** लोकसभा चुनाव में रीवा संसदीय क्षेत्र में प्रत्येक मतदाता की भागेदारी सुनिश्चित करने के लिए मतदाता जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। मतदान के तहत कई कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं। मैराथन दौड़ 3 अप्रैल को शाम 5 बजे स्पोर्टस काम्पलेक्स से प्रारंभ होकर विश्वविद्यालय रोड होते हुए कालेज चौराहा, शिल्पी प्लाजा, सांई मंदिर, गायत्री मंदिर से पुलिस कंट्रोल रूम में समाप्त होगी। कलेक्टर ने विभिन्न विभागों के अधिकारियों को मैराथन के आयोजन की जिम्मेदारी सौंपी।

### मतदान अधिकारी क्रमांक 2 व 3 का प्रशिक्षण 3 अप्रैल से

**रीवा।** लोकसभा निर्वाचन 2024 हेतु मतदान दलों के लिए नियुक्त मतदान अधिकारी क्रमांक 2 व 3 का प्रथम चरण का प्रशिक्षण 3 एवं 4 अप्रैल को आयोजित किया गया है। प्रशिक्षण प्रभारी एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत डॉ. सौरभ सोनवणे ने बताया कि शासकीय आदर्श विज्ञान महाविद्यालय, शासकीय विधि महाविद्यालय एवं टीआरएस महाविद्यालय में प्रथम पाली में प्रातः 9 बजे से दोपहर 12 बजे तक तथा द्वितीय पाली में दोपहर 2 बजे से शाम 5 बजे तक मतदान अधिकारी क्रमांक 2 व 3 को उपस्थिति के निर्देश दिये हैं।

### उत्साह पूर्वक मनाया होली मिलन समरोह

**कटनी।** रजक समाज जन जागृति विकास समिति, कटनी नेतृत्व में होली मिलन "रंगपंचमी" समारोह का आयोजन रेखा रामगोपाल रजक सचिव महिला इकाई के निज निवास ग्राम करहिया कला में मुख्य अतिथि सुमन रजक एवं अध्यक्षता श्याम लाल रजक के उपस्थिति में स्वच्छता अभियान के जनक संत शिरोमणि गाडगे महाराज के छायाचित्र में पुष्प अर्पित टीका वंदन कर उत्साह पूर्वक से होली मिलन एक-दूसरे को रंग गुलाल लगाकर मनाया गया।

---

### भाजपा प्रत्याशी जनार्दन मिश्रा का नामांकन दाखिल कराने रीवा पहुंचे सीएम

# मोदी सरकार ने सीमा के जवान और खेत में किसान के सम्मान को बढ़ाया : डॉ. मोहन यादव

**रीवा।** मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव मंगलवार को भाजपा प्रत्याशी जनार्दन मिश्रा के सर्मथन में आम सभा को संबोधित करने के लिए रीवा पहुंचे। शहर के व्यंकट भवन के पास आयोजित आमसभा को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री मोहन यादव ने कहा कि देश को उन्नति के रास्ते पर आगे बढ़ाने के लिए एक बार फिर केंद्र में मोदी सरकार को लाना होगा। जिस तरह से मोदी सरकार ने पिछले दस सालों में देश का विकास हर क्षेत्र में तत्परता के साथ किया है, उससे यह स्पष्ट हो गया है कि पीएम मोदी के हाथों में ही हमारा देश सुरक्षित है। मुख्यमंत्री ने कहा कि कांग्रेस पार्टी ने हमेशा हिंदुओं की भावनाओं को आघात पहुंचाया है। जब सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर अयोध्या में भगवान श्रीराम के मंदिर निर्माण के बाद उद्घाटन हो रहा था, उस समय भी कांग्रेस पार्टी की हिंदू विरोधी मानसिकता सबके सामने आ गयी। उन्होंने कहा कि जिस कांग्रेस पार्टी ने राममंदिर उद्घाटन का निमंत्रण ठुकराया है, अब जनता उन्हें ठुकराएगी। कांग्रेस पार्टी ने देश की आजादी के बाद विंध्य क्षेत्र की निरंतर उपेक्षा की है। जिस देवभूमि में भगवान श्रीराम ने वनवास के पूरे साढ़े ग्यारह साल गुजारे, वहां का विकास तो 70 साल पहले हो जाना चाहिए था, लेकिन कांग्रेस पार्टी ने ऐसा होने नहीं दिया। केंद्र में भारतीय जनता पार्टी की सरकार आने के बाद पूरे विंध्य क्षेत्र में विकास को प्राथमिकता के साथ आगे बढ़ाने का काम किया जा रहा है। रीवा के लोगों में काम करने की काबिलियत है और उनमें क्षमता है। मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने कहा कि कृषि क्षेत्र में मध्यप्रदेश देश के अंदर सबसे तेज प्रगति कर रहा है। उन्होंने कहा कि जब आपने पहली बार नरेंद्र मोदी को प्रधानमंत्री बनाया तो जवानों के सिर काटने वाले आंतकवादी संगठन के लोगों को घर में घुसकर मारने का काम सरकार ने किया। इस दौरान





## जिस पार्टी ने राम मंदिर का आमंत्रण ठुकराया, अब जनता उसे ठुकराएगी

उपमुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल, पूर्व विधानसभा अध्यक्ष गिरिश गौतम, विधायक नागेंद्र सिंह, दिव्य राज सिंह, प्रदीप पटेल, सिद्धार्थ तिवारी राज, भाजपा जिलाध्यक्ष डॉ अजय सिंह सहित भाजपा के अन्य विधायक और पदाधिकारी मंचासीन रहे।

### देश में तीसरी बार बनेगी मोदी सरकार - डिप्टी सीएम

आमसभा को संबोधित करते हुए मध्य प्रदेश के उपमुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल ने कहा कि जन जन का अटूट विश्वास देखकर स्पष्ट नजर आ रहा है कि देश में तीसरी बार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार बनने वाली है। उन्होंने कहा कि केंद्र और राज्य की भाजपा सरकार ने रीवा को विकास का माडल बनाया है। रीवा से सिंगरौली रेल लाइन का प्रोजेक्ट जल्द पूरा होने वाला है। इसके लिए सांसद जनार्दन मिश्रा सहित सतना और सीधी सांसद ने अथक प्रयास किया है। उन्होंने कहा कि रीवा में एयरपोर्ट की सौगात मिल गई है, जल्द ही इसका लाभ जनता को मिलने लगेगा। सांसद जनार्दन मिश्रा ने कहा कि पिछले दस सालों में गांव और शहर सबके लिए विकास का काम जिम्मेदारी के साथ किया है। कोरोना काल में दो साल जनसेवा का दायित्व निभाया। उन्होंने कहा कि रीवा शहर में उनका या फिर उनके परिजनों का एक घर तक नहीं है।

### न्याय की मांग लेकर सीएम से मिलने आई महिला को पुलिस ने खदेड़ा

हॉल मे ही बैकुंठपुर थाना अंतर्गत नवविवाहिता की मौत शिकायत लेकर सीएम से मिलने आई मृतक की मां व उसके परिजनों को पुलिस ने सीएम मोहन यादव से नहीं मिलने दिया जिससे नाराज महिला ने जमकर हंगामा किया महिला का आरोप है कि हमारी बेटी की ससुराल वाले दहेज की माग कर रहे थे दहेज न देने के कारण हमारी बेटी को मारकर फांसी के फंदे में लटका दिए दोषियों के खिलाफ पुलिस कार्रवाई नहीं कर रही है जिसकी शिकायत लेकर वह सीएम मोहन यादव से मिलने आई थी लेकिन पुलिस ने मिलने नहीं दिया जिसके कारण महिला व उसके परिजनों ने पुलिस के खिलाफ जमकर नारेबाजी की ! जनसभा के पश्चात प्रदेश के उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल की अगुवाई में वरिष्ठ नेता विधायक गिरीश गौतम, नागेन्द्र सिंह, दिव्यराज सिंह, प्रदीप पटेल, सिद्धार्थ तिवारी, इंजी. नरेन्द्र प्रजापति के साथ कोठी कम्पाउण्ड से रथ में सवार होकर शिल्पी प्लाजा होते हुए कलेक्ट्रेट कार्यालय पहुंचे। जहां भाजपा लोकसभा प्रत्याशी जनार्दन मिश्रा का नामांकन दाखिल करवाया।

---

## बड़ी संख्या में कांग्रेसीजनों ने थामा भाजपा का हाथ





**रीवा।** प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ला के हाथों रीवा कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेता डॉ. मुजीब खान ने सैकड़ों अल्प संख्यक कार्यकर्ताओं के साथ भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। वहीं वरिष्ठ कांग्रेसी नेता सुबोध पाण्डेय, कृष्णा तिवारी, मृगेन्द्र नाथ त्रिपाठी, भोला प्रसाद द्विवेदी, प्रियंका तिवारी, एड. कमलेश्वर तिवारी की अगुवाई में सैकड़ों कांग्रेसी कार्यकर्ताओं ने मुख्यमंत्री के हाथों भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री एवं उप मुख्यमंत्री द्वारा सभी को पार्टी का अंग वस्त्र पहनाकर पार्टी में स्वागत किया, और सभी कार्यकर्ताओं का पार्टी में प्रवेश दिलाते हुए सभी से देश और प्रदेश के विकास में योगदान देने की अपील की।

## सेवा निवृत्त उच्च शिक्षक को भावभीनी विदाई

**बिरसिंहपुर पाली।**

पाली विकास खंड के खोलखम्हरा पूर्व माध्यमिक विद्यालय में पदस्थ उच्च श्रेणी शिक्षक (प्राचार्य) डा आर डी मिश्रा के सेवा निवृत्त के अवसर पर विद्यालय में भव्य किंतु सादे समारोह में बिदाई आयोजित कर माननीय मिश्रा जी को भावभीनी बिदाई दी गई ।इस अवसर पर जिले भर के शिक्षा जगत से जुड़े नामचीन शिक्षक, विद्यालय परिवार के माननीय शिक्षक गण , छात्र -छात्राओ के साथ अभिभावक गणों की सराहनीय उपस्थित शिक्षक के शिक्षकीय गुणों पर समर्पित नजर आ रही थी ।बिदाई समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शासकीय कुमार मंगलम विद्यालय के सेवानिवृत्त प्राचार्य अशोक पाण्डेय, विशिष्ट अतिथि के रूप में उत्कृष्ट विद्यालय के प्राचार्य महेन्द्र मिश्रा जी, उत्कृष्ट विद्यालय पाली के व्याख्याता मनोज व्दिवेदी , शिव प्रसाद पाण्डेय जी की उपस्थिति कार्यक्रम को दुगुणित कर रहीं थीं । मुख्य अतिथि की आसंदी से संबोधित करते हुए श्री पाण्डेय जी ने कहा कि यह गौरव की बात है कि मिश्रा जी ने अपने सेवा काल में शिक्षकीय दायित्वों का निर्वहन जिस गुणवत्ता के साथ किया है वह शिक्षा जगत के लिए अनुकरणीय है । शिक्षा जगत में जो गुण एक कुशल शिक्षक मे होने चाहिए उन सभी गुणों से मिश्रा जी ओतप्रोत थे ।इनके इन्हीं गुणों के कारण पूर्व में इन्हें राष्ट्रपति पुरूस्कार से सम्मानित किया गया था ।मिश्रा जी शिक्षक के साथ ही साहित्य के क्षेत्र में भी काफी नाम कमाया है । अनुशासन प्रिय मिश्रा जी समय के पक्के , और हर कार्य को निष्ठता,और उत्कृष्टता करने के आदी थे ।डा मिश्रा की दक्षता पर प्रकाश डालते हुए वक्ताओं ने कहा कि आप जितने उत्कृष्टता से शिक्षकीय दायित्वों को निभाया है उसके साथ में साहित्य के क्षेत्र में अपनी चमकदार कविता लेखन कर खलिहान, साहित्य समाज एवं संस्कृति गद्य संग्रह में नागार्जुन की काव्यभाषा का अनुशीलन कर समाज को नयी दिशा देने का बखूबी काम किया है ।उल्लेखनीय है कि डॉ मिश्रा ने उमरिया जिले के ही मानपुर विकास खंड के छोटे से गांव पटेहरा में रह कर अपनी शिक्षा दीक्षा पूर्ण कर जिले के करकेली विकास खंड के पूर्व माध्यमिक विद्यालय पठारी से शुरू किया था इसके पश्चात पाली विकास खंड के अमिलिहा , उत्कृष्ट विद्यालय पाली और खोलखम्हरा विद्यालय में आज सेवा निवृत्त के अंतिम क्षण बिताये जहां भी अपने सेवा दी हर जगह अपनी एक नई बुनियाद हासिल कर नयी अमिट छाप छोड़ी है । यही वजह है कि आज सेवा निवृत्त के अवसर पर हर एक के आंखें नम दिखाई दीं ।

---

**जगतपुर उमरिया में शराब दुकान खोलने से लोग आक्रोशित**

## उपसरपंच की अगुवाई में शराब दुकान खोलने का ग्रामीणों ने किया विरोध

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ बड़वारा**



बड़वारा उपसरपंच अनुराग गुप्ता के नेतृत्व में ग्राम जगतपुर उमरिया के ग्राम वासियों ने महिला पंचों तथा महिला व पुरुषों के साथ संयुक्त रूप से बड़वारा तहसीलदार संदीप सिंह को ज्ञापन सौंपकर जगतपुर उमरिया में शराब दुकान खोले जाने पर रोष व्यक्त किया है एवम अपना विरोध जताया है।

बड़वारा ग्राम पँचायत अंतर्गत जगतपुर उमरिया में शराब ठेकेदार के द्वारा शराब दुकान खोले जाने का ग्राम वासियों ने बड़वारा के उपसरपंच अनुराग गुप्ता तथा महिला पंचों व महिलाओं के साथ पुरुषों ने भी शराब दुकान खोले जाने पर आक्रोश व्यक्त कर बड़वारा तहसीलदार संदीप सिंह को ज्ञापन सौंप कर अपना रोष व्यक्त किया है। बड़वारा के उप सरपंच अनुराग गुप्ता ने ग्राम वासियों के साथ ज्ञापन सौंपते हुए बड़वारा तहसीलदार संदीप सिंह को बताया कि ग्राम जगतपुर उमरिया स्थित खसरा नम्बर 216 जो कि शासकीय नम्बर है इसी खसरा नम्बर पर पँचायत के द्वारा पुस्तकालय भवन का निर्माण भी करवाया गया है किन्तु इसी शासकीय भूमि पर नर्बद कोल द्वारा पक्का मकान निर्माण करवा कर दुकान भी बनवा ली गई है जिसका आवेदन ग्राम पँचायत द्वारा पूर्व में भी दिया जा चुका है। अब नर्बद कोल द्वारा बनवाई गई इसी दुकान पर शराब ठेकेदार द्वारा दुकान का सञ्चालन किया जा रहा है। ग्राम वासियों का कहना है कि ग्राम में शराब दुकान संचालित होने से ग्राम का माहौल खराब होगा इसी मेन रोड पर शासकीय स्कूल व खेर माता स्थित है जिससे लोगों की भावनाएं आहत होंगी। ग्राम वासियों ने ज्ञापन में उल्लेख किया है कि यदि एक सप्ताह के अंदर जगतपुर उमरिया में शराब दुकान बन्द नही की जाती तो ग्राम वासी आंदोलन करने को वाध्य होंगे जिसकी जबाबदेही शासन प्रशासन की होगी।

ज्ञापन सौंपने के दौरान श्रीमती काशीबाई विश्वकर्मा आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, धनिया बाई विश्वकर्मा आशा कार्यकर्ता, फुलझरिया बाई महिला पंच, मंटो बाई महिला पंच, राजकुमारी, मीरा विश्वकर्मा, फूलबाई, ओमती, सरोज बाई,धना बाई, शील बाई आदि शामिल रहीं।

## शासकीय विद्यालयों में प्रवेशोत्सव कार्यक्रम आयोजित




कलेक्टर अवि प्रसाद के निर्देशन पर सोमवार 1 अप्रैल को जिले के विभिन्न शासकीय विद्यालयों में हर्ष और उल्लास के साथ प्रवेश उत्सव कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान विद्यार्थियों के चेहरे खिले नजर आये। प्रवेश उत्सव में कक्षा पहली, कक्षा छठवीं और कक्षा 9वीं में प्रवेश लेने वाले विद्यार्थियों का तिलक लगाकर स्वागत किया गया। इस दौरान निः शुल्क पाठ्य पुस्तकों का वितरण किया जाकर शिक्षकों द्वारा स्कूलों में उपलब्ध सुविधाओं की जानकारी उपस्थित जनों को दी गई एवं अभिभावकों एवं पालकों से विद्यार्थियों को प्रतिदिन स्कूल भेजने का आग्रहा किया गया। प्रवेश उत्सव कार्यक्रम के तहत शासकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय स्लीमनाबाद, हरदुआ,खरखरी,उत्कृष्ट कटनी , सी एम राइज कटनी विद्यालय में उल्लास के साथ प्रवेश उत्सव मनाया गया।

---

## छोटी दरगाह स्कूल मदरसा फर्जी अध्यक्ष कि जिला सत्र न्यायालय रीवा से जमानत हुई निरस्त



**रीवा ।**

हाल मे छोटी दरगाह स्कूल संस्था का फर्जी अध्यक्ष बनकर मदरसे का हाल दे दिया किराए फर्जी एग्रीमेंट बनाने वाले मोहम्मद सागीर कोलवाली व अमाहिया पुलिस ने गिरफ्तार करके सलाखों के पीछे भेजा था जिसमे मोहम्मद सगीर बनाम मध्य प्रदेश राज्य पुलिस आरक्षी केंद्र अमहिया द्वारा फरियादी मोहम्मद वारिस खान बेल नंबर 525 /2024 द्वितीय अपर सत्र न्यायालय से आज दिनांक 2/4/ 2024 धारा 420 , 467 ,468 ,की जमानत निरस्त किया गया है मोहम्मद सगीर आरोपी के तरफ से पैरवी कर रहे थे अधिवक्ता राघवेंद्र मिश्रा और फरियादी वारिस खान की तरफ से पैरवी कर रहे थे अधिवक्ता बिजेन्द्र गुप्ता बिज्जी ।

## उप स्वास्थ्य केन्द्र भवन निर्माण में डस्ट से की गई दीवार जुड़ाई को नहीं गिराया

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ बरही**

विजयराघवगढ़ तहसील अंतर्गत ग्राम गोहावल में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के तहत उप स्वास्थ्य की बिल्डिंग लगभग 50 लाख से अधिक की लागत से बनाई जा रही है। जिसमें दीवाल की जोड़ाई डस्ट से की जा रही थी जिसकी शिकायत मिलने पर कलेक्टर अवि प्रसाद द्वारा गंभीरता के साथ संज्ञान में लेकर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को तुरंत जांच के लिए निर्देशित किया गया। कलेक्टर अवि प्रसाद के आदेश के पालन में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कटनी के द्वारा निर्माण स्थल गोहावल 13-3-24 को पहुंच कर जांच किया गया जिसमें अधिकारी के द्वारा जांच के दौरान पाया कि गोहावल में बन रही स्वास्थ्य विभाग की बिल्डिंग के दीवाल की जोड़ाई डस्ट से की जा रही है जांच अधिकारी के द्वारा पत्र क्रमांक डी.पी.एम.यू/ विकास/ 2024/2479 में साफ-साफ जिम्मेदार अधिकारी एवं ठेकेदार को आदेश दिया गया है कि उप स्वास्थ्य विभाग द्वारा गोहावल में बनाई जा रही बिल्डिंग जो कि डस्ट से जोड़ाई की गई है उसे गिराया जाए और सूचित किया जाए कि डस्ट से जोड़ाई की गई दीवाल को नष्ट कर गुणवत्ता युक्त अस्पताल की बिल्डिंग बनाई जाए, पर ऐसा कुछ नहीं किया गया।

## खबर संक्षेप

### मतदाता सूची की चिन्हित प्रतियों के सत्यापन के संबंध में दिया गया प्रशिक्षण

**अनूपपुर।** कलेक्ट्रेट कार्यालय के सोन सभागार में जिले के पटवारियो को मतदाता सूची की चिन्हित प्रतियों कि सत्यापन के संबंध में प्रशिक्षण प्रदान किया गया। प्रशिक्षण में संयुक्त कलेक्टर दिलीप कुमार पांडेय ने सभी पटवारियों को कहा कि भारत निर्वाचन आयोग के मंशा के अनुरूप निर्वाचन कार्य सभी लोग सावधानी से करें। निर्वाचन कार्य में किसी प्रकार की कोई लापरवाही ना बरते, अन्यथा संबंधित के विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही की जाएगी। निर्वाचन कार्य में कोई भी गलती क्षम्य में नहीं होगी। मास्टर ट्रेनर कौशलेंद्र सिंह ने पटवारियों को प्रशिक्षण देते हुए कहा कि त्रुटि रहित मतदाता सूची की चिन्हित प्रतियों का सत्यापन करें। मतदाता सूची के पेज, मतदान केंद्र क्रमांक, मतदाता का नाम, वोटर आईडी क्रमांक, वोटरों की संख्या इत्यादि के सत्यापन के संबंध में जानकारी दी तथा उन्होंने कहा कि मतदाता सूची का भी बारीकियां से अवलोकन कर सत्यापन करें। उन्होंने कहा कि अगर किसी भी प्रकार की कोई समस्या आती है या फिर चिन्हित प्रतियों के सत्यापन कार्य में कुछ समझ नहीं आता है तो संबंधित अधिकारी या मास्टर ट्रेनर से त्वरित संपर्क कर इसका समाधान करें। उन्होंने बताया कि 15 अप्रैल को मतदान सामग्री वितरण एवं जमा करने हेतु ट्रेनिंग दी जाएगी। बैठक में अधीक्षक भू अभिलेख प्रदीप कुमार मोगरे, मास्टर ट्रेनर संतोष तिवारी सहित जिले के पटवारी एवं मतदान कर्मी उपस्थित थे।




लोकसभा चुनाव पर विशेष

# कतई अच्छी नहीं तेरे कुर्ते से मेरा कुर्ता अधिक साफ की राजनीति

नेताओं की संपत्ति में हर साल बेइंतहा इजाफा होता है। हर पाँच साल में वे अपनी संपत्ति का ब्यौरा तो चुनाव आयोग को देते हैं, लेकिन आयोग संपत्ति के इन आँकड़ों को सार्वजनिक करने के सिवाय कुछ नहीं कर पाता। जब वोट चाहिए होते हैं, चुनाव जीतना होता है, तो बड़े-बडे वादे करते हैं परंतु चुनाव जीतने के बाद अपनी संपत्ति बढ़ाने के सिवाय ज्यादातर नेताओं को कुछ सूझता ही नहीं।

**नेताओं की बढ़ती संपत्ति तो सिकुड़ता आम आदमी**
**आय से ज्यादा संपत्ति पर चुनाव लड़ने पर लगे रोक**

**अनूपपुर।** होना तो यह चाहिए कि आय से ज्यादा संपत्ति जिसकी भी बढ़े, उसे चुनाव लड़ने ही नहीं दिया जाए, अयोग्य ठहरा दिया जाए। दूसरी तरफ संपत्ति घोषित करने में भी कई तरह की गलतियाँ रहती हैं। रिश्तेदारों, जान- पहचान वालों के नाम फैक्ट्रियां, भवन, धंधे होते हैं, एजेंसी को इसका पता भी लगाना चाहिए। ऊपर से खुद ही प्रस्ताव ला-लाकर अपनी तनख्वाह खुद ही बढ़ा लेते हैं, भत्ते भी। अपने चुनाव क्षेत्र में जाने का भी इन्हें भत्ता मिलता है। आम आदमी की हालत जानने में इनकी कोई रुचि नहीं होती। नेताओं के इसी स्वभाव या आदत ने आम आदमी को खामोश कर दिया। कहने को उसके पैरों में रास्ता और सिर पर आसमां छोड़ा है बस, इसके अलावा और कुछ नहीं। चुनाव के वक्त तो क्षेत्र में आने के वादे इस तरह करते हैं जैसे यहीं पास ही बने रहेंगे पूरे पाँच साल। कभी- कभार किसी ने हालात सुना भी दिए तो इधर के कान से सुना और उधर के कान से निकाल दिया। लोग चुप हो जाते हैं यह सोचकर कि फौलाद के बूट होते हैं इन सियासतदानों के। आखिर चींटियों का रोना भला कौन देखता-सुनता है। कुल मिलाकर, राजनीति के इस दुरूह चक्रव्यूह में नेताओं की अक्षोहिणी सेनाओं के बीच आम आदमी अभिमन्यु की तरह घिरा हुआ है, बार-बार आते चुनावी मौसम से वो ऊब चुका है।




**राजनीति का चक्रव्यूह**

### चुनाव जीतने के बाद नहीं रहते विकास के वादे याद

आखिरकार पांच वर्ष बाद वो घड़ी आ ही गयी, जब जनता जनता नेताओं की भाग्य विधाता बनेगी। छोटे से काम के लिए लगातार टहलाने वाले नेता दर-दर जाकर खुद के लिए वोट डालने की गुहार लगा रहे हैं। चुनावी बेला मे डोर टू डोर जनसंपर्क का क्रम जारी है पांच साल बाद फिर से सांसद के दावेदार घर घर जाकर उनसे नये नये वादे कर रहे हैं, लेकिन पहले किये गये वादों का भुला दिया गया जबकि उन्हे सबसे पहले पुराने वादों को अमल मे लाकर जनता को दिखाना चाहिये कि हमने जो वादा किया वह निभाया और अब जो भी वादा कर रहे हैं वह भी निःसंदेह निभाया जायेगा, परंतु वर्तमान परिवेष मे ऐसे वादे सिर्फ वादों तक ही सीमित रहते हैं।

### नेताओं के लिए सारी गलती लगभग माफ

देश के आम आदमी खासकर गरीब और मध्यम वर्ग के लोगों के मन में कभी कभी यह सवाल जरूर उठता है कि हाड़ तोड़ मेहनत और रात दिन खून पसीना बहा कर भी वह अपनी आर्थिक बदहाली से बाहर क्यों नहीं आ पाते जबकि देश के नेता देखते ही देखते कैसे लखपति से करोड़पति और अरबपति बन जाते हैं। जिस देश के 95 फीसदी नेता अमीर हो उस देश की 60 फीसदी आबादी अगर जैसे तैसे गुजर बसर करती हो तो यह वास्तव में हैरान करने वाली बात ही है, लेकिन यह एक ऐसा सच है जिसे नकारा नहीं जा सकता है। जब राज्यों के विधानसभा चुनाव या आम चुनाव होते हैं तो उम्मीदवारों को एक शपथ पत्र के जरिए अपनी चल अचल संपत्ति का ब्यौरा देना होता है। जिसके आधार पर मीडिया में खबरें आती है कि संसद में चुने गए प्रतिनिधि करोड़पति है। यह खबरें अगर 100 नहीं तो 90 फीसदी झूठी होती है क्योंकि अधिकांश नेता अपनी आर्थिक स्थिति की सही जानकारी नहीं देते हैं। दूसरी ओर आज तक भ्रष्टाचारी व अपराधी नेताओ को विधानसभाओं व संसद भवन तक पहुंचने से रोका जा सके ऐसा कोई कानून देश में नहीं बना है।

### काजल की कोठरी में सब कुछ स्याह ही स्याह

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जब भारतीय करेंसी को इलीगल होने व नई करेंसी जारी करने की घोषणा की थी तो उसका उद्देश्य काले धन को चलन को बाहर करना बताया गया था, लेकिन नोटबंदी से कितना काला धन चलन से बाहर हुआ इस सवाल को छोड़ भी दीजिए तब भी आज इस बात को दावे से कहा जा सकता है कि न तो डिजिटल इंडिया का फार्मूला काले धन पर रोक लगा सका है और न नोटबंदी का काले धन पर कोई असर हुआ है। काजल की कोठरी में सब कुछ स्याह ही स्याह है। पीएम मोदी अपने तीसरे टर्म में भारत को विकसित राष्ट्र बनाने का दावा कर रहे हैं अच्छा होता कि वह भ्रष्टाचार और काले धन से मुक्त भारत की गारंटी के साथ आगे आते। तेरे कुर्ते से मेरा कुर्ता अधिक साफ की राजनीति कतई भी अच्छी नहीं है। विधानसभाओं और संसद में अपराधियों और भ्रष्टाचारियों को पहुंचने से कैसे रोका जाए यह बात वर्तमान परिवेश में ज्यादा महत्वपूर्ण है। किसी विधायक या सांसद से काला धन मिलना निःसंदेह बहुत ही गंभीर मामला है। आगामी अंक मे शहडोल संसदीय क्षेत्र मे चुनाव मे पहले पायदान के सांसद के उम्मीदवारों की अर्जित की गई संपत्तियों के बारे मे लेखा जोखा से रू-ब-रू करवाया जायेगा।

# विंध्य प्रांत प्रमुख डॉ. देवेन्द्र तिवारी का किया गया सार्वजनिक अभिनन्दन



**अनूपपुर।** भारत विकास परिषद के नव नियुक्त विंध्य प्रांत प्रमुख डॉ. देवेन्द्र तिवारी का सोमवार की रात सार्वजनिक अभिनन्दन किया गया।ताराडांड स्थित अनूपपुर इकाई के अध्यक्ष राजकिशोर तिवारी के निवास पर परिषद की ओर से होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। जिसमे वरिष्ठ गणमान्य लोगों ने डा तिवारी को तिलक लगा कर माला पहना कर साल श्रीफल से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर वरिष्ठ पत्रकार मनोज द्विवेदी ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि यह अनूपपुर जिले के लिये गौरवशाली समय है कि हमारे बीच के डा देवेन्द्र तिवारी विंध्य प्रांत के महत्वपूर्ण पद पर पहुंचे। इससे पूर्व राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के अनूपपुर जिला संघ चालक राजेन्द्र तिवारी, डा प्रदीप तिवारी, भारत विकास परिषद के विंध्य प्रांत प्रमुख डा देवेन्द्र तिवारी, मनोज द्विवेदी, विवेक बियाणी, राजकिशोर तिवारी, ब्रजभूषण शुक्ला,राम नारायण उर्मलिया, रामप्रकाश द्विवेदी, पंकज मिश्रा, मनोज मिश्रा, अनिल तिवारी,अरविन्द मिश्रा, वीरेन्द्र सिंह, आनंद पाण्डेय, ज्ञानचंद जायसवाल, अरविन्द पाठक, पुष्पेन्द्र पाण्डेय, राजेश पप्पू चकेठी, कृष्णकुमार द्विवेदी, विपिन तिवारी, राकेश द्विवेदी, मोल द्विवेदी, संतोष मिश्रा, लालमन शुक्ला, लालमणि शुक्ला, बृजवासी मिश्रा के साथ ताराडांड , दुलहरा,भोजपुरी फाग मंडली ने रंग जमा दिया। भारत विकास परिषद अनूपपुर के सौजन्य से आयोजित होली मिलन समारोह सोमवार की दोपहर चार बजे से शुरू हुआ। पं राजकिशोर ने अतिथियों पर पुष्पवर्षा करते हुए रंग, अबीर, गुलाल लगाकर शुभकामनाएँ प्रदान कीं। देर रात तक शांति पूर्ण तरीके से होली मिलन समारोह चलता रहा। उपस्थित लोगो ने स्वपाहार का आनंद उठाया। सभी ने एक दूसरे को होली की बधाईयां देते हुए देश के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# मध्यप्रदेश शिक्षक संघ प्रांतीय कार्यकारिणी की बैठक संपन्न

### युग परिवर्तन की बेला में सब मिलकर साथ चलने की अपील




**अनूपपुर।** हम शिक्षकों को अपनी ताकत बढ़ानी है। जब शिक्षक संघ शासन के समक्ष कोई बात रखता है और विभागों में फाइलें चलती है तो एक अधिकारी समर्थन करता है और दो विरोध करते हैं। हमारी मांग है कि, जब अधिकारी एवं सरकार कोई नीतिगत निर्णय लें तो उस बैठक में शिक्षक संघ के पदाधिकारियों या शिक्षक संघ की ओर से अधिकृत विशेषज्ञ शिक्षकों को भी आमंत्रित किया जाये। मध्य प्रदेश शिक्षक संघ ने चतुर्थ समयमान वेतनमान/ क्रमोन्नति के लिए स्कूल शिक्षा विभाग, आयुक्त लोक शिक्षण, शिक्षा मंत्री, आयुक्त राज्य शिक्षा केंद्र व अन्य को अलग-अलग चार पत्र दिए तब जाकर समयमान वेतनमान मिला। शिक्षक संघ के प्रयासों से ही 4% डीए मिला। उच्च पद प्रभार की प्रक्रिया में भाग लेना स्वैच्छिक करवाया। अधिकारियों एवं शासन ने हमें आश्वस्त किया है कि, आने वाले समय में हमें क्रमोन्नति भी मिलेगी और छूटे हुए नाम जोड़कर उच्च पद का प्रभार भी मिलेगा। बकाया 4% डीए भी मिलेगा। 30 जून में सेवानिवृत होने वाले शिक्षकों को वेतन वृद्धि का लाभ दिलाने डीपीआई से चर्चा की जाएगी। शिक्षक विरोधी मानसिकता के अधिकारियों की वरिष्ठ कार्यालयों से रवानगी करवाएंगे। उक्त आशय की जानकारी मध्यप्रदेश शिक्षक संघ की 28 एवं 29 मार्च में भोपाल के वनवासी कल्याण आश्रम एमपी नगर जोन एक में आयोजित बैठक में प्रांताध्यक्ष डॉ क्षत्रवीर सिंह राठौर द्वारा दी गई। चार सत्रों में आयोजित बैठक अखिल भारतीय पदाधिकारी राष्ट्रीय संगठन मंत्री महेंद्र कपूर, अतिरिक्त महामंत्री संजय राउत, हमारा विद्यालय हमारा तीर्थ आयाम के अ.भा.सह प्रमुख लछीराम इंगले, प्रांतीय संगठन मंत्री हिम्मतसिंह जैन, सह संगठन मंत्री हीरालाल तिरोले व राजीव शर्मा की उपस्थिति एवं प्रांतीय अध्यक्ष छत्रवीरसिंह राठौर की अध्यक्षता में संपन्न हुई। प्रथम सत्र में सरस्वती पूजन, सरस्वती वंदना एवं संगठन मंत्र से बैठक प्रारंभ हुई। प्रांत सह कार्यवाह हेमंत सेठिया ने अपने उद्बोधन में संगठन के माध्यम से राष्ट्र निर्माण में शिक्षकों की भूमिका पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि 14 -15 एवं 16 सितंबर 2024 को ओंकारेश्वर में प्रांतीय अभ्यास वर्ग का आयोजन होगा। 8 -9 जून को दो दिवसीय विमर्श कार्यशाला का आयोजन भोपाल में किया जाएगा। अगली प्रांतीय बैठक मंदसौर में होगी जिसके समय की सूचना पृथक से दी जावेगी। कार्यक्रम के अंत में शिक्षक संघ को पूर्ण कालिक समय देने के लिए प्रांतीय संगठन मंत्री हिम्मत सिंह जैन, प्रांतीय सह संगठन मंत्री हीरालाल तिरोले, सह संगठन मंत्री राजीव शर्मा एवं प्रांतीय आडीटर उमाशंकर अग्रवाल का महेंद्र कपूर द्वारा शाल श्रीफल से सम्मान किया गया। इस अवसर पर प्रांत संगठन मंत्री हिम्मत सिंह जैन के शासकीय सेवा से निवृत होने पर उनके द्वारा शैक्षिक मंथन पत्रिका हेतु 21 हजार रुपए की मंगलराशि भेंट करने के निर्णय को धन्यवाद ज्ञापित किया गया। बैठकों का संचालन प्रांतिय महामंत्री राकेश गुप्ता एवं कल्याण मंत्र से प्रांतीय उपाध्यक्ष महेंद्र जैन ने समापन किया। शहडोल संभाग से सेवा आयाम प्रांतीय प्रमुख अरुण कुमार मिश्रा संभागीय अध्यक्ष अनिल कुमार सिंह जिला सचिव विनोद कुमार सिंह प्रांतीय बैठक मे उपस्थित रहे।

# रेलवे ट्रैक में मिला युवक का शव



अनूपपुर। कोतवाली थाने से 2 किलोमीटर दूर स्थित ग्राम पंचायत परसवार के झंडीपीपल स्थान के पास कटनी-बिलासपुर रेल खंड के मध्य मंगलवार की सुबह एक युवक का शव पुलिस ने रेल्वे लाईन बीच से बरामद किया,घटना की जानकारी पर एसपी सहित पुलिस विभाग के अधिकारी घटना स्थल पर पहुंचकर गहन तथा वैज्ञानिक तरीके से जांच प्रारंभ की। इस संबंध में विवरण में मिली जानकारी के अनुसार अनूपपुर जिले के राजेंद्रग्राम थाना अंतर्गत बसनिहा गांव के निवासी कुशल प्रसाद यादव का 23 वर्षीय पुत्र सुनील यादव का शव मंगलवार की सुबह ग्राम पंचायत परसवार के झंडीपीपर के पास कटनी-बिलासपुर रेल खंड के मध्य मिलने की सूचना स्टेशन मास्टर अनूपपुर द्वारा कोतवाली थाना अनूपपुर को दी जिस पर कोतवाली निरीक्षक अरविंद जैन एवं कोतवाली पुलिस के साथ सूचना मिलने पर अनूपपुर पुलिस अधीक्षक जितेंद्र सिंह पवार, एसडीओपी अनूपपुर सुमित केरकट्टा, एफएलएल विशेषज्ञ शहडोल, डॉग स्काट अनूपपुर मौके पर पहुंचकर मृतक के शव का वैज्ञानिक तरीके से भी परीक्षण कर मृतक की पहचान होने पर परिजनों की उपस्थिति में पंचनामा कार्यवाही कर जिला अस्पताल अनूपपुर के ड्यूटी डॉक्टर से शव परीक्षण कराने बाद अंतिम संस्कार हेतु परिजनों को सौपा गया। मृतक की रेलवे ट्रैक में मृत्यु आत्महत्या करने से प्रतीत होने के बाद भी पुलिस वैज्ञानिक तरीके से जिसमें डॉग स्काट, एफएलएल विशेषज्ञ की उपस्थिति मे परीक्षण कराया है। मृतक विगत सोमवार की रात राजेंद्रग्राम में देखा गया था।

# शहडोल संसदीय क्षेत्र के लिए कांग्रेस सेवादल ने नियुक्त किया प्रभारी



अनूपपुर। मध्यप्रदेश कांग्रेस सेवादल के प्रदेशाध्यक्ष योगेश यादव ने शहडोल संसदीय क्षेत्र में होने जा रहे लोकसभा के आम चुनाव को देखते हुए सेवादल के प्रदेश प्रशिक्षक डॉक्टर एहसान अली अंसारी को लोकसभा क्षेत्र का प्रभारी नियुक्त किया है। उन्होंने कहा कि 19 अप्रेल को मध्यप्रदेश में शहडोल संसदीय क्षेत्र के लोकसभा के आमचुनाव को देखते हुए सेवा दल की जिम्मेदारियां और भी बढ़ जाती हैं। उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश कांग्रेस सेवादल की ओर से पूर्व में ही चुनावी कार्ययोजना तैयार कर सभी को जिम्मेदारियां सौपी जा चुकी है। मध्यप्रदेश कांग्रेस सेवादल द्वारा नियुक्त लोकसभा एवं विधानसभा प्रभारी, प्रदेश पदाधिकारीगण, जिला मुख्य संगठक, जिला महिला संगठक आपसी सामंजस्य स्थापित करते हुये अपने साथियों सहित कांग्रेस प्रत्याशियों के पक्ष में समर्पित भाव से चुनाव प्रचार प्रसार कार्य करें। सेवादल के प्रदेशाध्यक्ष ने निर्देशित किया है कि लोकसभा क्षेत्रों में कांग्रेस प्रत्याशी से सम्पर्क एवं मार्गदर्शन प्राप्त कर कांग्रेस पार्टी के चुनाव प्रचार-प्रसार कार्य में पूरी निष्ठा एवं ईमानदारी के साथ जुट जावें। हमें कांग्रेस सेवादल की परम्पराओं का निर्वहन करते हुये इस समय एक जुट होकर कांग्रेसाध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, अ.भा.कांग्रेस सेवादल के राष्ट्रीय अध्यक्ष लालजी देसाई की मंशानुसार एवं जीतू पटवारी अध्यक्ष म.प्र.कांग्रेस कमेटी के नेतृत्व में कांग्रेस पार्टी का चुनाव प्रचार प्रसार पूरी निष्ठा एवं ईमानदारी के साथ करते हुये कांग्रेस पार्टी को विजय श्री दिलाना है। कांग्रेस प्रत्याशी के समर्थन में कांग्रेस सेवादल के साथियों सहित रैली,बैठक का आयोजन करें। मतदान दिवस पर बूथ पर निगरानी हमारा सर्वोच्च कर्तव्य है।

# आठ अलग-अलग प्रकरणों में फरार स्थाई वारंटी गिरफ्तार




अनूपपुर। पुलिस अधीक्षक अनूपपुर जितेंद्र सिंह पवार के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अनूपपुर शिवकुमार सिंह तथा एस.डी.ओ.पी. अनूपपुर सुमित कुमार केरकेट्टा के मार्गदर्शन में कोतवाली पुलिस के द्वारा 8 अलग-अलग प्रकरणों में विगत तीन वर्षों से फरार चल रहे स्थाई गिरफ्तारी वारंटी संजीव कुमार केसरवानी उर्फ सज्जू पिता मुरारी लाल केशरवानी उम्र करीब 31 साल निवासी बसंतपुर दफाई, अमलाई थाना चचाई अनूपपुर मंगलवार की सुबह अमलाई से गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है। टी.आई. कोतवाली निरीक्षक अरविंद जैन के नेतृत्व में सहायक उप निरीक्षक गोविंद प्रसाद पनिका, प्रधान आरक्षक शेख रशीद, प्रधान आरक्षक राजेश कवर एवं महिला आरक्षक अंकिता सोनी की टीम ने विगत तीन वर्षों से आठ प्रकरणों में फरार चल रहे स्थाई गिरफ्तारी वारंटी संजीव कुमार केशरवानी को उसके घर से गिरफ्तार किया मौके पर फरार आरोपी के घर के दरवाजे पर हमेशा की तरह ताला लगा हुआ था। पुलिस टीम द्वारा ताला तुड़वाया जाकर घर के अंदर छुपे फरार आरोपी को गिरफ्तार किया गया। उल्लेखनीय है कि फरार आरोपी संजीव कुमार केसरवानी उर्फ सज्जू के विरुद्ध जिला अनूपपुर के विभिन्न न्यायालय में विचाराधीन कुल आठ प्रकरण में फरार होने से माननीय न्यायालय द्वारा 08 स्थाई गिरफ्तारी वारंट जारी किए गए हैं, उक्त आठ स्थाई गिरफ्तारी वारंटी के गिरफ्तार करने के लिए पुलिस अधीक्षक अनूपपुर जितेंद्र सिंह पवार के द्वारा प्रत्येक वारंट पर 3000 का इनाम राशि उद्घोषित की गई है। उक्त मामले धोखाधड़ी सहित नेगोशिएबल इंस्ट्रूमेंट एक्ट के तहत पंजीबद्ध हैं एवं लबे समय से संजीव कुमार केसरवानी के फरार होने से प्रकरणों में स्थाई गिरफ्तारी वारंट जारी किए गए हैं। आठ मामलों में फरार चल रहे स्थाई गिरफ्तारी वारंट को गिरफ्तार करने पर पुलिस अधीक्षक महोदय अनूपपुर जितेंद्र सिंह पवार ने टी. आई. कोतवाली अरविंद जैन एवं उनकी टीम सहायक उप निरीक्षक गोविंद प्रसाद पनिका, प्रधान आरक्षक शेख रशीद, प्रधान आरक्षक राजेंद्र कंवर एवं महिला आरक्षक अंकित सोनी को उद्घोषित इनाम राशि देने का आदेश दिया है।




# केन्द्रीय विद्यालय अनूपपुर के विद्यार्थियों ने दान की पुस्तकें

अनूपपुर। 2 अप्रैल को केन्द्रीय विद्यालय अनूपपुर में पुस्तकोपहार कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें विद्यालय के सभी कक्षाओं के छात्र-छात्राओं ने अपने छोटे भाई बहनों को पुस्तकें उपहारमें भेंट की। पुस्तककोपहार कार्यक्रम में प्राचार्य देवेन्द्र कुमार तिवारी ने विद्यार्थिओं को सम्बोधित करते हुए पुस्तक उपहार की उपयोगिता एवं प्रासंगिकता तथा फायदे बताए। उन्होंने बताया कि पुस्तकें तैयार करने के लिए जिस कागज का इस्तेमाल होता है वह लकड़ी से बनता है और लकड़ी जीवित पेड़ों को काटने से प्राप्त होती है। इस हेतु प्रतिवर्ष लाखों पेड़ों को काटा जाता है इसके उपरांत कागज का निर्माण होता है उन्ही कागजों से हमारी पुस्तके बनती हैं। यदि हम पुरानी पुस्तकों को बेकार नसमझकर अपने छोटे भाई बहनों को उपहार स्वरूप प्रदान करते हैं, तो इससे हम लाखों पेड़ों को कटने से बचा सकते हैं और पर्यावरण को संतुलित रख सकते हैं। प्राचार्य ने केन्द्रीय विद्यालय संगठन की इस अनूठी पहल में अपना योगदान करने वाले सभी विद्यार्थिओं की सराहना करते हुए भविष्य में भी इस तरह की गतिविधिओं में बढ़ चढ़ कर हिस्सा लेने का आह्वान किया( कार्यक्रम को सफल बनाने में पुस्तकालयाध्यक्ष सचिन पवार और समस्त शिक्षकों ने अपनी भूमिका निभाई।